# कैनेडा सरकार ने *2023 फॉल इकनॉमिक स्टेटमेंट* जारी किया है

## *सभी के लिए कारगर मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सरकार की आर्थिक योजना उपलब्ध कराना*

21 नवंबर, 2023 ओटावा, ऑंटारियो वित्त विभाग कैनेडा

आज, माननीया क्रिस्टिया फ्रीलैंड, उप प्रधान मंत्री एवं वित्त मंत्री ने *2023 फॉल इकनॉमिक स्टेटमेंट* जारी किया, जिसमें मध्यम वर्ग को समर्थित करने तथा और अधिक घरों का निर्माण करने के लिए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सरकार की आर्थिक योजना सभी के लिए कारगर मजबूत अर्थव्यवस्था का निर्माण कर रही है, जिसमें बेहतरीन नौकरियां हैं जिन पर कैनेडावासी भरोसा कर सकते हैं। और यह योजना काम कर रही है।

महामारी से पहले की तुलना में आज एक मिलियन से भी अधिक कैनेडावासियों के पास रोजगार है। इंफ्लेशन नीचे आ रही है, वेतन में बढ़ौत्तरी इंफ्लेशन से आगे निकल रही है, और प्राइवेट सेक्टर के अर्थशास्त्री अब यह उम्मीद कर रहे हैं कैनेडा उस मंदी से बच पाएगा जिसका कई लोगों ने पूर्वानुमान किया था।

वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में तेजी से वृद्धि के सामने कई कैनेडावासियों को दबाय महसूस हो रहा है, खासकर जब किराए पर घर लेने या अपना घर खरीदने की बात आती है। इसके उत्तर में, *2023 फॉल इकनॉमिक स्टेटमेंट* का फोकस आज की दो प्रमुख चुनौतियों पर केंद्रित है।

सबसे पहले, सरकार ऐसे समय में कैनेडावासियों को समर्थन देना जारी रख रही है जबकि कुछ कीमतें अभी भी बहुत अधिक हैं और मोर्गेज सामने मंडरा रही हैं। कीमतों को स्थिर बनाने, जीवन को किफायती बनाने और जिन कैनेडावासियों के पास मोर्गेज है, उनके संरक्षण में मदद के लिए नए, लक्षित उपायों के

साथ सरकार कैनेडावासियों के समर्थन के लिए ठोस कार्रवाई कर रही है। इसमें कैनेडावासियों के लिए ब्याज की ऊंची दरों के समय अपनी आवश्यकता के लिए अनुकूलित मोर्गेज राहत की एक्सेस सुनिश्चित करना भी शामिल है। ऐसा करने के लिए *2023 फॉल इकनॉमिक स्टेटमेंट* में नए कनेडियन मोर्गेज चार्टर की घोषणा की गई है, जो उस राहत का विवरण देता है जिसकी उम्मीद कैनेडावासी आर्थिक कठिनाई से प्रभावित होने पर अपनी बैंकों से कर सकते हैं।

दूसरा, सरकार अधिक तेजी से घरों के निर्माण और आवास को अधिक किफायती बनाने के लिए अपने काम में गति ला रही है। सरकार द्वारा पहले से ही की गई महत्वपूर्ण कार्रवाई के आधार पर आगे बढ़ते हुए *2023 फॉल इकनॉमिक स्टेटमेंट* में और अधिक घरों के तेजी से निर्माण के लिए कई बिलियन डॉलरों की नई फायनेंसिंग आरंभ की गई है तथा कम समय के लिए किराएदारी पर नकेल कसने के लिए कदम उठाए गए हैं, ताकि कैनेडावासियों द्वारा निवास के लिए घरों का उपयोग किया जा सके, और इससे पूरे देश-भर में कंस्ट्रक्शन की संख्या को बढ़ाने में मदद मिलेगी। आज संघीय सरकार का काम पूरे कैनेडा-भर में आवासीयता को और अधिक किफायती बनाने के राष्ट्रीय प्रयास का नेतृत्व कर रहा है।

सरकार की आर्थिक योजना जिम्मेदारीपूर्ण है, और यह देखती है कि कैनेडा G7 में deficit- और net debt-to-GDP अनुपात, इन दोनों को बनाए रखता है। सरकार *2023 फॉल इकनॉमिक स्टेटमेंट* में आगे कार्य कर रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कैनेडा का वित्त स्थायी रुप से बना रहे - और यह कि हम कैनेडावासियों में जिम्मेदारीपूर्वक निवेश करना जारी रख सकते हैं, मध्यम वर्ग को सशक्त बना सकते हैं, और सभी के लिए कारगर मजबूत अर्थव्यवस्था का निर्माण कर सकते हैं।

कैनेडा के आर्थिक भविष्य में निवेश और बेहतर वेतन की नौकरियां निर्मित करने के सरकार के काम के मूलभूत हिस्से के रूप में, सरकार प्राथमिकता के आधार पर अपने नए, प्रमुख निवेश टैक्स क्रेडिट्स भी उपलब्ध करा रही है, और आने वाले दिनों में विधायी प्रवर्तन आगे बढ़ रहा है जो 2024 में समाप्त होगा।

**उद्धरण**

"हमारी आर्थिक योजना सभी के लिए मजबूत अर्थव्यवस्था के निर्माण के बारे में है, और यह *फॉल इकनॉमिक स्टेटमेंट* हमारी योजना का अगला चरण है। मध्यम वर्ग के समर्थन एवं तेजी से और अधिक

घरों के निर्माण पर फोकस के साथ हम उन प्राथमिकताओं पर कार्य कर रहे हैं, जो आज कैनेडावासियों के लिए सबसे अधिक मायने रखती हैं - और हम तट से तट से तट तक कैनेडावासियों के लिए सब-कुछ उपलब्ध कराना जारी रखेंगे, जितना अधिक से अधिक हम कर सकते हैं।"

- *माननीय क्रिस्टिया फ्रीलैंड, उप प्रधान मंत्री एवं वित्त मंत्री*

**तत्काल तथ्य**

कैनेडा की आर्थिक योजना कारगर है:

- पिछले 21 महीनों से कैनेडा की बेरोजगारी दर पिछली सरकार के तहत किसी भी समय की तुलना में कम रही है। महामारी से पहले की तुलना में आज एक मिलियन से भी अधिक कैनेडावासियों के पास रोजगार है।
- वेतन पिछले नौ महीनों में इंफ्लेशन से अधिक रहे हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund) ने अगले वर्ष G7 में कैनेडा के लिए सबसे मजबूत आर्थिक विकास दिखाई देने का अनुमान लगाया है।
- OECD के अनुसार इस वर्ष की पहली छमाही में कैनेडा को दुनिया के किसी भी देश की तुलना में तीसरा सबसे अधिक फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट प्राप्त हुआ - और G7 में प्रति व्यक्ति सर्वाधिक।

**संबंधित लिंक्स**

- *2023 फॉल इकनॉमिक स्टेटमेंट*
- *2023 फॉल इकनॉमिक स्टेटमेंट:* प्रमुख उपाय
- बैकराऊंडर**:** कैनेडा का हाउसिंग एक्शन प्लैन
- बैकराऊंडर: सर्पोटिंग ए मिडल क्लास
- बैकराऊंडर: इन्वेसटिंग इन कैनेडा'स गरोइंग इकानमी

**संपर्क**

**मीडिया इनसे संपर्क कर सकता है:**

कैथरीन क्यूप्लिंस्कस
प्रेस सचिव एवं वरिष्ठ संचार सलाहकार

उप प्रधान मंत्री एवं वित्त मंत्री कार्यालय

Katherine.Cuplinskas@fin.gc.ca
मीडिया संबंध
वित्त विभाग कैनेडा

mediare@fin.gc.ca

613-369-4000

**सामान्य पूछताछ**

फोन: 1-833-712-2292

TTY: 613-369-3230

ई-मेल: financepublic-financepublique@fin.gc.ca